# समझौता ज्ञापन

## (मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग)

संस्कृति विभाग
उत्तर प्रदेश सरकार

## रेडियो जयघोष (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश)

**संगीत नाटक अकादमी परिसर,**
**विपिन खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।**

**और**

## लखनऊविश्वविद्यालय, लखनऊ।

**के मध्य**

**पत्रकारिता, जनसंचार, सामाजिककार्य, भाषा, साहित्य–दर्शन, और लोक कला एवं विज्ञान को लेकर अध्ययन, शोध, प्रदर्शन और संकलन के साथ ही विद्यार्थियों शोधार्थियों प्रोफेसर, शिक्षक, विश्वविद्यालय कर्मियों को प्रचुर अवसर उपलब्ध करवानें के साथ ही परस्पर बहुआयामी सहयोग आदान–प्रदान का उद्देश्य**

# समझौता ज्ञापन (मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग)

**रेडियो जयघोष (संस्कृति विभाग,उत्तर प्रदेश) संगीत नाटक अकादमी परिसर, लखनऊ।**

**और**

**लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।**

**दोनों पक्ष संयुक्त रूप से और अलग–अलग पक्ष के तौर पर सहमत होंगेः–**
**यह कि परस्पर गतिविधियों के माध्यम से विश्व, देश, प्रदेश और समाज में समरसता, एकता, अखंडता और नैतिकता का संरक्षण और संवर्धन करेंगे।**

**यह कि दोनों पक्ष संगठन के तौर पर संयुक्त रूप से प्रदेश, देश और विश्व मे भावनात्मक संबंध स्थापित करने के लिए गतिविधियों को बढ़ावा देंगे।**

**यह कि सांस्कृतिक मूल्यों, रीति–रिवाजों, परंपराओं, बहुमूल्य धरोहरों के प्रति एक–दूसरे संस्थानों, परिसरों, पदाधिकारियों के मध्य समझ और संवर्धन के लिए कार्य करेंगे।**

**यह कि परस्पर दूरगामी और परिणामोन्मुख संबंधों का निर्वहन करेंगे।**

**यह कि शोध, प्रदर्शन, शिक्षण, प्रकाशन के लिए दोनों पक्ष परस्पर वातावरण का निर्माण करेंगे, गतिविधियों और कौशल के साथ ही समय–समय पर आयोजित होने वाले कार्यकमों सेमिनार, संगोष्ठी, परिचर्चा, उत्सव, अन्यानेक गतिविधियों में अपेक्षित भागीदारी और सहभागिता का आदान–प्रदान करेंगे।**

**गतिविधियों के उपकम के लिए दोनों पक्षों के मध्य नोडल अधिकारियों /प्रतिनिधियों के दायित्व निर्धारण की सूचना दी जायेगी एवं संबंधित के माध्यम से दोनो ही पक्ष नियमित रुप से सम्भावित गतिविधियों के लिए परस्पर यथोचित सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।**

**यह समझौता ज्ञापन (मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) दोनों ही पक्षों के मूलभूत उद्देश्यों की पूर्ति पर केन्द्रित है।**

**दोनों पक्षों का लक्ष्य शिक्षा प्रसार, व्यापक जन जागरुकता, क्षमता संवर्धन और युवाओं का प्रोत्साहन करते हुए श्रेष्ठ, मानवीय, संवेदनशील, दायित्व वोध से पोषित नागरिकों को तैयार करना है।**

यह समझौता ज्ञापन (मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) दोनों ही पक्षों के मध्य आपसी सहमति से किया जा रहा है। यह समझौता ज्ञापन दोनों पक्षों के उद्देश्यों की पूर्ति करनें तक जारी रहेगा। दोनों ही पक्ष समय देश काल, परिस्थितियों के अनुरुप इस समझौता ज्ञापन में आवश्यक विषय, बिन्दु, कार्यक्रम को अलग से संलग्नक पत्र (एनेक्सजर) के माध्यम से इसमें दस्तावेज संख्या के साथ संलग्नक के क्रमांक का उल्लेख करते हुए दोनों पक्षों के नोडल अधिकारियों की आपसी सहमति और इसकी अनुमति सम्यक उपलब्ध प्राधिकारी से लेकर की जा सकेगी।

<u>ज्ञापन समझौते के अंतर्गत गतिविधियां</u>

- पत्रकारिता, जनसंचार, सामाजिककार्य, भाषा, साहित्य–दर्शन, और लोक कला एवं विज्ञान को लेकर अध्ययन, शोध, प्रदर्शन और संकलन के साथ ही विद्यार्थियों शोधार्थियों, प्रोफेसर, शिक्षक, विश्वविद्यालय कर्मियों को प्रचुर अवसर उपलब्ध करवाया जायेगा। साहित्य, पाण्डुलिपियों, ग्रन्थों, मौखिक ज्ञान (Oral tradition) आदि का संग्रह तथा डिजीटाईजेशन, इन पर आधारित राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के शोध, सर्वेक्षण व ऐसी गतिविधियों के संचालन, प्रकाशन और प्रसारण में परस्पर आदान–प्रदान और सहयोग।
- महापुरुषों, विद्वानों, अन्यानेक विभूतियों के जीवन दर्शन पर आधारित ललित कला की सभी विधाओं के संचालन को प्रोत्साहन, रचनाकार शिविर, कला मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रचनाकारों का परस्पर प्रोत्साहन हेतु शिविरों का आयोजन और अन्य आदान–प्रदान।
- समाजहित, देशहित, जनहित एवं मानव कल्याण हेतु प्रदेश, देश और विदेश में विशेष आयोजनों के संचालन में परस्पर आमंत्रण और सहयोग।
- नई पीढ़ी में दर्शन, साहित्य, विज्ञान और ललित कलाओंको प्रचारित करने के लिए स्कूलों में प्रतियोगिताओं, प्रदर्शन समेत विशेषकार्य योजनाओं का संचालन व वीडियो फिल्में, ऑडियो आदि बनाकर स्कूलों में वितरण और यथोचित प्रसारण के लिए परस्पर सहयोग और आदान–प्रदान।
- प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यिक, वैज्ञानिक और वैधानिक कृतियों, शोध संदर्भों, प्रकाशनों, पाण्डुलिपियों के संग्रह में परस्पर सहयोग और आदान–प्रदान।

- समान उद्‌देश्यों हेतु स्थापित केन्द्र और राज्य सरकारों की संस्थाओं, इकाईयों से आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यकमों का परस्पर कियान्वयन।
- सांस्कृतिक और अन्य उद्‌देश्य पूर्ण गतिविधियों में परस्पर भागीदारी।
- लोक विधाओं के गायन, वादन एवं नृत्य शैलियों के लिए उत्तर प्रदेश के कलाकारों को आयोजनों में मंच प्रदान करना।
- मेजबान पक्ष स्थानीय स्तर पर आवास, जलपान–भोजन की व्यवस्था करेगा, आने–जाने और मानदेय का खर्च मेहमान पक्ष स्वयं करेगा।

## सामान्य नियमावली

संयुक्त अवसरों पर प्रिंट और प्रकाशन में दोनों पक्षों के संगठनों के लोगो और प्रतीक चिह्नों का प्रयोग करेंगे। एक–दूसरे को बराबर श्रेय देंगे और उसका प्रत्येक प्रकार से प्रदर्शन करेंगे। संयुक्त और परिगामी गतिविधियों के फोटो और वीडियो के साथ समस्त सूचनाएं एक दूसरे के साथ बांटेंगे। मीडिया में संयुक्त दोनों पक्ष एक–दूसरे को प्रस्तुत करेंगे।

इस समझौते में आपसी सहमति के आधार पर नए कार्यकलापों और नियमों को जोड़ा जा सकेगा। इसी के साथ आपसी सहमति पर ही कार्यकलापों और नियमों को जोड़ सकेंगे। सहमति के आधार पर ही समझौता के ज्ञापन के दौरान किसी भी समय दो माह की नोटिस के बाद किए गए समझौता ज्ञापन को समाप्त कर सकेंगे।

यह समझौता ज्ञापन दोनों पक्षों से हस्ताक्षरित होने के पश्चात अस्तित्व में आने के साथ ही प्रभावी हो जाएगा। तत्पश्चात इसे जारी रखने के लिए परस्पर हस्ताक्षरित किया जा रहा है।

लखनऊ में 27 दिसम्बर, 2022 को सुनिश्चित और हस्ताक्षरित किया गया। दोनों पक्षों पर समान रूप से लागू होगा।

| | |
|---|---|
| आनन्द कुमार<br>(हस्ताक्षर)<br><br>नोडल अधिकारी / प्राधिकारी<br>रेडियो जयघोष, संगीत नाटक अकादमी<br>नाम :–आनन्द कुमार, आई.ए.एस.<br>पदनामः–विशेष सचिव (संस्कृति)<br>सम्पर्क सूत्रः–9918094838<br>ईमेल पताः–<br>पत्र व्यवहार का पताः– संस्कृति विभाग, नवम् तल, जवाहर भवन, लखनऊ।<br><br>(आनन्द कुमार)<br>विशेष सचिव<br>संस्कृति विभाग<br>उत्तर प्रदेश शासन | (हस्ताक्षर)<br><br>नोडल अधिकारी / प्राधिकारी<br>लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ<br>नाम :– प्रो0 आलोक कुमार राय<br>पदनामः– कुलपति<br>सम्पर्क सूत्रः– 0522–2740467<br>ईमेल पताः–<br>पत्र व्यवहार का पताः– लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007<br><br>Prof. Alok Kumar Rai<br>Vice-Chancellor<br>University of Lucknow |

| | |
|---|---|
| रेडियो जयघोष, संगीत नाटक अकादमी (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) हेतु<br>आनन्द कुमार<br>(हस्ताक्षर एवं मोहर)<br>नोडल अधिकारी / प्राधिकारी<br>रेडियो जयघोष, संगीत नाटक अकादमी<br>नाम :–आनन्द कुमार, आई.ए.एस.<br>पदनामः–विशेष सचिव (संस्कृति)<br>सम्पर्क सूत्रः–9918094838<br>ईमेल पताः–<br>पत्र व्यवहार का पताः– संस्कृति विभाग, नवम् तल, जवाहर भवन, लखनऊ।<br>(आनन्द कुमार)<br>विशेष सचिव<br>संस्कृति विभाग<br>उत्तर प्रदेश शासन | लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ हेतु<br>(हस्ताक्षर एवं मोहर)<br>नोडल अधिकारी / प्राधिकारी<br>लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ<br>नाम :– प्रो0 आलोक कुमार राय<br>पदनामः– कुलपति<br>सम्पर्क सूत्रः– 0522–2740467<br>ईमेल पताः–<br>पत्र व्यवहार का पताः– लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ–226007<br>Prof. Alok Kumar Rai<br>Vice-Chancellor<br>University of Lucknow |

| | |
|---|---|
| साक्षी–01<br>(हस्ताक्षर)<br>नाम :– प्रो0 पूनम टण्डन,<br>पुत्र / पुत्रीः–<br>पदनामः– अधिष्ठाता, छात्र कल्याण<br>सम्पर्कसूत्रः–9415409735<br>ईमेल पताः– tandon_poonam@lkouniv.ac.in<br>पत्र व्यवहार का पताः– मैत्री भवन, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। | साक्षी–02<br>(हस्ताक्षर)<br>नाम :– दुर्गेश पाठक<br>पुत्र / पुत्रीः–<br>पदनामः–समन्वयक, रेडियो जयघोष<br>सम्पर्कसूत्रः–8960095864<br>ईमेल पताः– dkpathak81@gmail.com<br>पत्र व्यवहार का पताः–संगीत नाटक अकादमी परिसर, गोमती नगर, लखनऊ |